# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## ऑन लाइन माध्यम से आयोजित परीक्षा समिति की आपात् बैठक

## दिनांक 18 अप्रैल, 2020 का कार्यवृत्त

आज दिनांक 18 अप्रैल, 2020 दिन शनिवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा समिति की आपात् बैठक सम्पन्न हुयी। ऑनलाइन बैठक में निम्नांकित उपस्थित रहे –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 नीलिमा गुप्ता, कुलपति, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर । | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 नन्द लाल, आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर । | सदस्य |
| 3. | डा0 संदीप सिंह, एसोशिएट प्रोफेसर,एडल्ट एजूकेशन विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर | सदस्य |
| 4. | डा0 गायत्री सिंह, प्राचार्या, अर्मापुर पी0जी0 कालेज, कानपुर | सदस्य |
| 5. | डा0 रिपुदमन सिंह, प्राचार्य, पंचायती राज राजकीय महाविद्यालय, इटावा | सदस्य |
| 6. | डा0 उपमा श्रीवास्तव, प्रौढ एव सतत् शिक्षा प्रसार विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर | सदस्य |
| 7. | डा0 बी0डी0 पाण्डेय, अध्यक्ष, कानपुर विश्वविद्यालय षिक्षक संघ, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 संजय कुमार स्वर्णकार, आचार्य, अंग्रेजी विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 9. | श्री एस0एल0 पाल, उपकुलसचिव(परीक्षा), सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 10. | डा0 सरोज द्विवेदी, सिस्टम मैनेजर, कम्प्यूटर केन्द्र, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 11. | श्री ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला,सहायक कुलसचिव(अतिगो0),सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 12. | श्री अनिल कुमार यादव, परीक्षा नियंत्रक, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर | सचिव |

सर्वप्रथम परीक्षा नियंत्रक द्वारा ऑनलाइन उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए माननीया कुलपति महोदया की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सम्यक् विचारोपरान्त परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निम्नांकित निर्णय लिए–

**मद सं0 1–** स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की विश्वविद्यालय द्वारा स्थगित की गयी वार्षिक परीक्षाओं (लिखित एवं प्रायोगिक) को लॉकडाउन खुलने के पश्चात आयोजित किये जाने पर विचार –

**निर्णय–** कुलपति महोदया द्वारा परीक्षा समिति के सभी सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएँ दिनांक 25 फरवरी, 2020 से प्रारम्भ हो गयी थी परन्तु मार्च के तृतीय सप्ताह में कोविड–19 की महामारी के फैलाव को रोकने के लिए पूरे देश में लॉकडाउन किये जाने के कारण विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं परिसर स्थित समस्त शैक्षिक संस्थानों को दिनांक 14 अप्रैल, 2020 तक बन्द कर दिया गया है। तदनुक्रम में दिनांक 18 मार्च, 2020 से आगे की सभी परीक्षाएँ एवं शैक्षणिक गतिविधियाँ उक्त अवधि तक के लिए स्थगित कर दी गयी थीं। लॉकडाउन खुलने के पश्चात परीक्षाओं के आयोजन के सम्बन्ध में परीक्षा नियंत्रक द्वारा बताया गया कि परीक्षा सम्बन्धी

क्रमशः ...2...

18.4.2020

Scanned with CamScanner

तैयारियॉं पूर्ण की जा रही हैं तथा वर्तमान में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिनांक 03 मई, 2020 तक लॉकडाउन घोषित किया गया है। तत्पश्चात् ही परिस्थितियॉं अनुकूल होने पर परीक्षा को सम्पन्न कराया जाना सम्भव होगा।

अतः वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत समिति के सदस्यों द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति ने निर्णय लेते हुए मा0 कुलपति महोदया द्वारा परीक्षा नियंत्रक एवं उपकुलसचिव(परीक्षा) को निर्देशित किया गया कि दिनांक 20 मई, 2020 से परीक्षा कार्यक्रम प्रस्तावित करें जिसमें स्नातक तथा परास्नातक पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं को पहले सम्पन्न कराने की प्राथमिकता दी जाय तथा कम से कम समय में परीक्षाएँ सम्पन्न कराये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

**मद सं0 2–** विश्वविद्यालय की सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं को लॉकडाउन खुलने के पश्चात सम्पन्न कराये जाने पर विचार –

**निर्णय–** कुलपति महोदया द्वारा परीक्षा समिति के सभी सदस्यों को अवगत कराया गया कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर स्थित समस्त संस्थानों/विभागों में 30 अप्रैल, 2020 तक शिक्षण कार्य पूर्ण करा लिये जाने हेतु निर्देशित किया जा चुका है। उन्होंने समिति को यह भी बताया कि लॉकडाउन के कारण विश्वविद्यालय बन्द होने के पश्चात ऑनलाइन शिक्षण तकनीक के माध्यम से शिक्षण कार्य विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है। विभाग के सभी शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन कक्षाओं हेतु टाइम टेबल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है जिसके अनुसार Online Group Learning Platform जैसे Google meet/Google Classroom/ Microsoft team/Zoom Cloud App इत्यादि तकनीकों के माध्यम से ऑनलाइन कक्षायें संचालित करायी जा रही हैं। सभी विषयों के Unit-wise विस्तृत पाठ्यक्रमों को एवं उनसे सम्बन्धित references/resource materials/books इत्यादि को सभी छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी विभागाध्यक्षों को यह निर्देशित किया गया कि जिन पाठ्यक्रमों में Mid Semester Exam होने हैं ऐसे विभागों के शिक्षकगणों द्वारा ऑनलाइन Assignments/Tutorials/Quiz के माध्यम से परीक्षा पूर्ण करायी जा रही है तथा जिन पाठ्यक्रमों में लैब वर्क की आवश्यकता है, ऐसे पाठ्यक्रमों में लैब वर्क लॉकडाउन खुलने के तुरन्त बाद सम्पन्न कराया जायेगा।

सेमेस्टर पाठ्यक्रम संचालित करने वाले महाविद्यालयों द्वारा भी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को ऑनलाइन शिक्षण तकनीक के द्वारा शिक्षण कार्य पूरा कराये जाने के सम्बन्ध में सूचित किया गया है।

क्रमशः ...3...

18-4-2020

18/4/2020

Scanned with CamScanner

अतः उक्त के आलोक में परीक्षा समिति के निर्णयानुसार कुलपति महोदया द्वारा ऑनलाइन सेमेस्टर पाठ्यक्रम 30 अप्रैल, 2020 तक पूर्ण कराये की स्थिति की समीक्षा किये जाने हेतु एक छः सदस्यीय समिति का गठन निम्नवत् किये जाने का निर्णय लिया गया—

| | |
|---|---|
| 1.प्रो0 नन्द लाल, आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर | सदस्य |
| 2.प्रो0 संजय कुमार स्वर्णकार, आचार्य,अंग्रेजी विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर | सदस्य |
| 3.डा0 बी0डी0 पाण्डेय, अध्यक्ष, कानपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, कानपुर | सदस्य |
| 4.डा0 ए0एस0 भटनागर, निदेशक, विधिक अध्ययन संस्थान, सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर | सदस्य |
| 5.डा0 महेश ~~सिंह~~ प्रसाद यादव, संकायाध्यक्ष, कृषि संकाय, सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर | सदस्य |
| 6.श्री ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला, सहा0 कुलसचिव(अतिगोपनीय), सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर | सदस्य |

कुलपति महोदया द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उक्त समिति की आख्या प्राप्त होने पर तद्नुसार परीक्षा समिति के अगली बैठक में सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की परीक्षाएँ सम्पन्न कराये जाने पर निर्णय लिया जायेगा।

अन्त में सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए ऑनलाइन बैठक सम्पन्न हुयी।

18.4.2020
डा0(अनिल कुमार यादव)
परीक्षा नियंत्रक/सचिव

18/4/2020
(प्रो0 नीलिमा गुप्ता)
कुलपति/अध्यक्ष

Scanned with CamScanner